Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to set up a Mega Textile Park in Pali District, Rajasthan - laid.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): इस वर्ष के आम बजट में सात नए मेगा टेक्सटाइल पार्क की घोषणा की है । इस महत्ती घोषणा का मुख्य उद्देष्य भारत को कपड़ा क्षेत्र में पूरी तरह से एकीकृत व वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण एवं निर्यात केंद्र बनाना है । मेरे संसदीय क्षेत्र का पाली शहर विश्वभर में कपड़ा नगरी के रूप में ख्याति प्राप्त है ।

मेगा टेक्सबइल पार्क को पाली जिले में स्थापित करने की मांग के पीछे पाली शहर की भौगोलिक दृष्टि के साथ साथ आवागमन सहित अनेक खूबियां हैं जो इस जिले को मेगा टेक्सटाइल पार्क हेतु उपयुक्त एवं सर्वश्रेष्ठ बनाती है । दिल्ली मुंबई फ्रेट कॉरिडोर से पाली जिले के जुड़ा होने से कपड़ा उद्योग से जुड़े कच्चे एवं उत्पादित माल को लाने व ले जाने हेतु आवागमन की सुगमता रहेगी । वर्षों से कपड़े का काम कर रही कपड़ा नगरी पाली में कपड़ा उद्योग से जुड़ी सभी इकाईयों के लिए भी कुशल श्रमिकों की सुगम उपलब्धता हमेशा रहती है । वर्तमान में पाली के करीब 40 हजार लोग कपड़े की ईकाईयों से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं । पाली में उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को पुनः प्रयोग में लाने के लिए केन्द्र सरकार के सहयोग से सी.ई.टी.पी. का अपग्रेडेशन हाल ही में किया गया है, यदि पाली में नया मेगा टेक्सटाइल पार्क स्वीकृत किया जाता है, तो उस क्षेत्र को सी.ई.टी.पी. से जोड़कर प्रदूषण को रोकने में भी काफी सफलता मिल सकेगी । इसके अतिरिक्त पाली में सरकारी भूमि वृहद रूप में उपलब्ध है, टेक्सटाइल पार्क के लिए अनुमानित 1000 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जो कि पाली जिले में आसानी से उपलब्ध हो सकेगी ।

अतः माननीय वस्त्र मंत्री जी से अनुरोध है कि पाली में मेगा टेक्सटाईल पार्क की स्थापना ताकि यहां के टेक्सटाइल उद्योगों को नई दिशा देकर, नई उंचाईयों

तक पहुंचाया जा सके ।